आस तेरे दरश की | By Santosh Kumar |

आस तेरे दरश की लगाए हुए
तेरी चौखट पे हूँ सर झुकाए हुए
दास हूँ तेरा, ले ले ख़बर मेरी माँ
दास हूँ तेरा, ले ले ख़बर मेरी माँ
कर दे मुझपे तू कर दे नज़र मेरी माँ

कोई मूर्ख यहाँ, कोई ज्ञानी है माँ
हर किसी पे तेरी मेहरबानी है माँ
होती मुझपे भी थोड़ी मेहर मेरी माँ
दास हूँ तेरा, ले ले ख़बर मेरी माँ

प्यार तेरा मिला तो सँवर जाऊँगा
दूर चरणों से आखिर किधर जाऊँगा
मेरी मंज़िल है बस तेरा दर मेरी माँ
दास हूँ तेरा, ले ले ख़बर मेरी माँ

माँ तेरी भक्ति की दिल में ज्योति जगे
बस यूँ ही तेरे आँचल की छाया तले
गाऊँगा गुण तेरे उम्र भर मेरी माँ
दास हूँ तेरा, ले ले ख़बर मेरी माँ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%b8-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a4%b6-%e0%a4%95%e0%a5%80-by-santosh-kumar/